Industrial Training Institute

Skill Development and Industrial Training Directorate, Haryana
Plot No. IP-2, Sector-3, Near Majri Chowk, Panchkula

केवल ई–मेल द्वारा

सेवा में

प्रधानाचार्य/वर्ग अनुदेशक इन्चार्ज,
सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
हरियाणा राज्य में।

यादि क्र0: **T-1/ Admissions/2024-25/** 15710 दिनांकः– 04.09.2024

विषयः– सत्र 2024–25 में संस्थान स्तर पर **'On the Spot'** दाखिला तिथि बढाने बारे।

....

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के पत्र क्र0**T-1/ Admissions/2024-25/15122** दिनांक 22.8.2024 तथा डी0जी0टी0 भारत सरकार के पत्र क्र0 **DGT-Aff011/1/2023-O/oDIR(TC)[63756]** दिनांक 02.09.2024 (प्रतिं संलग्न) के संदर्भ में ।

आपको अवगत करवाया जाता है कि उक्त पत्र द्वारा डी0 जी0 टी0, भारत सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले की तिथि 30.9.2024 तक बढ़ा दी हैं। प्राप्त आदेशों की अनुपालना हेतू औ0प्रशि0 संस्थानों में रिक्त रह गई सीटों के प्रति दाखिला पोर्टल पर नये आवेदन/रजिस्ट्रेशन 05.09.2024 से 30.09.2024 तक करते हुए संस्थान स्तर पर 'On the Spot' दाखिला किया जा सकता है।

आपको निर्देश दिये जाते है कि दाखिला कार्यवाही पूर्व मे जारी किये गये दिशा–निर्देशों एवं निर्धारित कार्यक्रम अनुसार करना सुनिश्चित करे। केवल दाखिला पोर्टल पर आनलाईन दाखिला फीस जमा करवाने उपरांत अपलोड किया गया दाखिला ही वैध माना जाएगा तथा अन्य किसी प्रकार के दाखिला पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त आपको यह भी निर्देश दिये जाते है कि यदि सत्र् 2024–25 में दाखिल प्रशिक्षणार्थी निश्चित तिथि तक अथवा उसके उपरांत भी संस्थान में रिपोर्ट नहीं करता और लगातार संस्थान से अनुपस्थित रहता है तो सम्बंधित संस्थान उनसे संपर्क करते हुए उन्हें नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होने बारे निर्देशित करें। यदि इसके उपरांत भी कोई प्रशिक्षणार्थी लगातार संस्थान से अनुपस्थित रहता है तो उस स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने उपरांत नाम काटते हुए रिक्त सीट के प्रति नया दाखिला करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करें।

03/09/24

सहायक निदेशक (प्रशिक्षण–5)
कृतेः महानिदेशक, कौशल विकास एंव औद्योगिक प्रशिक्षण
विभाग, हरियाणा।

CC:

1. **Nodal officer, website for uploading on Deptt. Website.**
2. **AD (Pvt. ITIs) for informations further necessary action w.r.t Pvt. ITIs.**
3. **NIC Haryana**